Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding allocation of adequate land for Air Cargo Complex at Udaipur Airport

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): महोदय, मैं राजस्थान के उदयपुर संसदीय क्षेत्र से आता हूँ, मेरा संसदीय क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और भारत सरकार के शेडयूल-V में आता है । वर्तमान में उदयपुर संभाग से निर्यात/आयात कारोबार की काफी संभावनाएं हैं । इस संभाग की प्रमुख निर्यात योग्य वस्तुएं कपड़ा, खनिज, पत्थर, संगमरमर के हस्तशिल्प, रत्न आभूषण, खिलौने इत्यादि हैं । वर्तमान में निर्यात योग्य उत्पाद जयपुर, दिल्ली और अहमदाबाद हवाई अड्डे से भिजवाए जा रहे हैं, जिससे संचालन लागत बढ़ती है । अतः मै भारत सरकार से मांग करता हूँ कि निर्यात/आयात व्यापार को आसान बनाने के लिए एयर कार्गो कॉम्पलेक्स खोलने और उदयपुर हवाई अड्डे पर कार्गो सेवाएं शुरू करने के लिए उदयपुर हवाई अड्डे परिसर में एयर कार्गो कॉम्पलेक्स के लिए पर्याप्त जमीन (स्थान) आवंटित कराने का श्रम करावे । धन्यवाद ।

माननीय सभापति: श्री देवजी पटेल ।